06 नौलखी घाट पर डूबने से दो युवकों की हुई मौत, महिला...



08 कुबेरेश्वरधाम पर आज से होगा रुद्राक्ष वितरण...



## खबर संक्षेप

### 50 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी

**विदिशा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला जेल में कैद बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। पांच सदस्यी चिकित्सीय दल ने जिला जेल विदिशा में कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले चिकित्सक दल में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अजय उपाध्याय के अलावा सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप वर्मा, ईइनटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर विवेक गुप्ता, मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक राजपूत, डीआरपी डॉक्टर अमित गुप्ता के द्वारा 50 कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें 15 कैदी मनोरोग, 10 कैदी ईएनटी, 8 कैदी नेत्र रोग से पीड़ित पाए गए।

### फरार आरोपी सूचना देने वाले को मिलेंगे इनाम में दो हार रुपए

**विदिशा।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध का फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिविल लाइन में दर्ज अपराध में फरार आरोपी ईश्वर पुत्र बलराम आदिवासी निवासी आज्ञाराम कॉलोनी विदिशा की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है

### पिछले सत्र से बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

**विदिशा।** पीएम केंद्रीय विद्यालय विदिशा सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। सीबीएसई के 2022- 23 के नतीजों की तुलना में इस बार बेहतर नतीजे आए हैं। वाणिज्य संकाय में प्रणय सोनी ने 93.8 प्रतिशत एवं नंदिता राजपुरोहित ने 92.4% अंक एवं देवराय ने 90.8 %अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में दिव्यांशी चिडार ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दसवीं बोर्ड में प्रथम स्थान प्रणय कुमार ने प्राप्त किया। जिन्हें 94.4 प्रतिशत अंक मिले। द्वितीय स्थान पर गुंजन मरोडिया रही जिन्हें 93.8 प्रतिशत अंक मिले एवं तृतीय स्थान पर रही आशी सिंह ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्या गीता भदौरिया ने उत्तीर्ण रहे सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### केवट जयंती पर मंदिर में कार्यक्रम आज

**विदिशा।** मांझी, केवट, भोई, रैकवार समाज द्वारा केवट जयंती समारोह आयोजित आज बुधवार सुबह 10 चरणतीर्थ घाट के केवट महाराज के मंदिर पर मनाया जाएगा। केवट युवा संगठन सहित सौरभ मांझी, सोनू रैकवार, पीतम रैकवार, गणेशराम रैकवार, नवल रैकवार, गोविंद रैकवार, श्रीराम रैकवार, घनश्याम रैकवार, दीपक केवट, मोहन सिंह केवट ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### फूलबाई कुशवाह का निधन, शोक की लहर

**हैदरगढ़।** ग्यारसपुर निवासी कालूराम कुशवाह का पत्नी व थानसिंह कुशवाह, पत्रकार सीताराम कुशवाह की मां फूलबाई कुशवाह का निधन हो गया है। फूलबाई मिलनसार महिला थीं। वह हर सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ हिस्सा लेती थी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों समेत कस्बे के लोग शामिल हुए।



### पानी निकासी की मांग का ज्ञापन सौंपा

**बरेली।** मारूति नगर के निवासी प्रतिवर्ष पानी निकासी न होने की समस्या से भारी परेशान बने रहते हैं। इसी के साथ सड़के क्षतिग्रस्त हो जाने से कीचड़ और गंदगी बनी रहती है। सीएमओ नपं को ज्ञापन सौंप कर बारिश से पूर्व निवासियों की समस्या हल करने की मांग की।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण में मोटिवेशन के लिए दी गई जानकारियां

# शैक्षणिक गुणवत्ता के सार्थक परिणामों के लिए टीमवर्क भावना से काम करें: डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आकांक्षी ग्राम परियोजना एवं प्रोजेक्ट दक्ष के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण डाइट में आयोजित किया गया। समापन पर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट तथा प्रभारी डीपीसी व संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्रिंसिपल तथा समस्त बीईओ, बीआरसी, बीएसी, एमआईएस समन्वयक, जन शिक्षक व एपीसी मौजूद रहे।





विदिशा। डाइट परिसर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों को स्कूलों में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि कक्षा पहली से विद्यार्थियों की शैक्षणिक बुनियाद की शुरूआत होती है और यह जितनी मजबूत होगी उतना ही आगे बच्चों का मानसिक व शैक्षणिक ग्रोथ बढ़ेगा। कलेक्टर श्री वैद्य ने गतवर्ष के शैक्षणिक परिणामों के प्रति खेद प्रकट करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल नहीं होना और उत्तीर्ण नहीं होना यह सब हमारी कार्यप्रणाली को रेखांकित करती है।

हमारे द्वारा इस प्रकार की समस्याओं के निदान हेतु क्या रणनीति तय की गई है उस रणनीति का क्रियान्वयन कैसे, कब किया गया है और आमजनमानस खासकर बच्चों के अभिभावकों को विश्वास में कैसे लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में बच्चों की बुनियाद मजबूत हो वे शैक्षणिक विधाओं में पीछे न रहें। इसके लिए सत्र शुरू होने से पहले हरेक गुरुजी के साथ-साथ अन्य का दायित्व है कि हर बच्चें की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें अध्यापन कार्यो की ओर अभिप्रेरित करें। उन्होंने अध्यापन कार्यों को रोचकतापूर्व प्रस्तुतिकरण की ओर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों में रुझान बढ़े कि वे स्वयं स्कूल की ओर अग्रसर हों। ऐसे समुदाय वर्ग विशेष जो व्यवसाय के कारण इधर-उधर भटकाव करते हैं उनके लिए क्या रणनीति तय की जाए ताकि जिले के सत्र प्रतिशत विद्यार्थी स्कूलों में उपस्थित हों और परीक्षाओं में सम्मिलित होकर अच्छे परिणामों की सूचियों में विदिशा जिला सम्मिलित हो सकें। कलेक्टर वैद्य ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा पद्धति को हम कैसे रोचक बनाएं इस ओर लगातार नवाचार हो रहे हैं जिले की भौगोलिक परिस्थिति को ध्यानगत रखते हुए हम इन नवाचारों का क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान कई स्कूलों में जाकर देखा गया है कि समय पर शिक्षक उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

## गुलाबगंज के मूडरा गणेशपुर में पैसों के लेनदेन को लेकर एक ही परिवार के पांच सदस्यों को पीटा

### घायलों में 3 महिला एक युवती व एक पुरुष शामिल

> परिवार के ही दूर के रिश्तेदार को एक बीघा जमीन बेची थी कुछ पैसा शेष था वही मांगने पर की गई मारपीट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार की देर शाम को गुलाबगंज क्षेत्र के मूडरा गणेशपुर में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में तीन महिला एक युवती और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं 55 वर्षीय रामरति बाई की हालत नाजुक बताई जा रही है। गुलाबगंज निवासी वकील अहिरवार ने बताया कि ग्राम मूडरा गणेशपुर निवासी राजू जो उनके ही रिश्तेदार लगते हैं उन्हे एक बीघा जमीन बेची थी। कुछ पैसे लेना शेष थे। पैसे मांगने पर राजू कुछ लोगों के साथ उनके घर आया और विवाद करने लगा। राजू ने अपने साथियों का साथ मिलकर उनके घर पर हमला बोल दिया। इस विवाद में वकील की 80 वर्षीय दादी सूरज बाई, 55 वर्षीय मां रामरति बाई, 60 वर्षीय पिता इमरत सिंह, बड़ी बहन पुष्पा और छोटी बहन आरती को गंभीर चोट आई हैं। वकील अहिरवार का कहना है कि कुछ समय पहले इन्होंने 3 लाख रुपए में जमीन बेची थी उसके करीब 50 हजार रुपए बाकी थे। इस विवाद में 55 वर्षी रामरती बाई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### फंदे पर लटका मिला था शव, निष्पक्ष जांच की मांग

**विदिशा।** रायपुरा बस्ती में रहने वाले लोधी परिवार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि 18 अप्रैल को गुलगांव में उनके बेटे सोनू लोधी की लाश फांसी पर लटकी मिली थी। परिजनों को उसकी हत्या की आशंका है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उसे कुछ लोग साथ लेकर गए थे। दूसरे दिन उसकी लाश पेड़ पर लटकी मिली। परिजनों ने बताया कि मृतक सोनू की जेब से गुलगांव के एक रहवासी के अलावा ग्राम सूखा के सरपंच का नाम लिखी मिली है। हत्या के पीछे इनका हाथ होने की आशंका है। कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### अवैध खनन करने वालों ने खेत पर जाने वाला रास्ता किया बंद

**हरिभूमि. विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम नागौर में रहने वाले किसान सुंदरलाल जाटव ने परिवार के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया। सुंदरलाल जाटव ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग जो अवैध उत्खनन का काम करते हैं। उन्होंने 50 साल पुराने एक सरकारी रास्ते को बंद कर दिया है। जिससे वह अपने खेत तक जाते थे। उन्होंने इस रास्ते का इस्तेमाल अवैध उत्खनन के परिवहन के लिए किया है। जिससे खेत तक आवाजाही बंद हो गई है। इस मामले में नटेरन तहसील में शिकायत की गई लेकिन उसका कोई हल नहीं निकला। जिसके कारण परिजन मंगलवार को कलेक्टर के पास गुहार लगाने पहुंचे।

## शिवधाम कॉलोनी में सड़क है न नालियां, महिलाएं पहुंचीं कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मोहनगिरी स्थित शिवधाम कॉलोनी की महिलाएं मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। महिलाओं ने बताया कि 7-8 सालों से वे यहां रह रहीं हैं। कॉलोनी में पेयजल की कोई व्यवस्था है न ही सड़क है। बरसात के दिनों में हालत खराब हो जाती है।

नाली नहीं होने से सड़कों पर पानी भर जाता है। जिसके चलते आए दिन लोगों के बीच में विवाद की स्थिति बन रही है। रहवासियों ने इसकी शिकायत पार्षद, नगरपालिका अध्यक्ष और नगरपालिका सीएमओ से भी की। सभी इस कॉलोनी को अवैध बताते हैं। उन्होंने बताया कि कॉलोनाइजर सुविधाएं देने की बात तो करता है पर कोई सुविधा नहीं दी।

शहर में अवैध कॉलोनी का जाल बिछा हुआ है। कॉलोनाइजर लोगों को झूठे सपने दिखाकर खेत में प्लॉट बेच देते हैं। जब सारे प्लॉट बिक जाते हैं तो कॉलोनाइजर अपना सामान बटोरकर दूसरी कॉलोनी काटने में लग जाता है। वहीं प्रशासन अवैध कॉलोनी वालों के ऊपर कार्रवाई की बात तो करते हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई करने कदम नहीं उठाता है।

### ट्रॉली के नीचे दबने से हेल्पर की मौत, ट्रैक्टर चालक भी घायल

**हरिभूमि. विदिशा।** सोमवार की रात एक युवक की ट्रैक्टर ट्राली नीचे दबने से मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। युवक ट्राली में साइड में बैठा था। पुलिस ने मर्ग कायम करके मामला जांच में ले लिया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। बताया गया कि वन गांव के रहने 22 साल का अभय कुशवाह ट्रैक्टर ट्राली पर हेल्पर का काम करता था। उसके घर में माता पिता और एक भाई है। सोमवार को वह रेत लाने के लिए नेमन नदी पर गया। इस दौरान ट्रेक्टर ट्रॉली एक गड्ढे के आने पर अभय ट्राली पर से नीचे गिर गया और वह ट्राली के पहिए के नीचे आ गया। ट्रैक्टर ट्राली किसी करतार सिंह नाम के व्यक्ति की बताई जा रही हैं।

## दोपहर में बारिश, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। शाम को तेज हवा के साथ शहर में हल्की बारिश हुई।

मौसम के मिजाज में बदलाव देखने को मिला है। मंगलवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। जिसके चलते लोगों को सूरज की तेज तपिश से राहत मिली।

जिले में कुछ दिनों से दिन के समय तेज गर्मी पड़ रही है। दिन में जहां सूरज की तेज तपिश के कारण लोग परेशान हो जाते हैं तो वहीं शाम के समय बादल छा ने और ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। मंगलवार दोपहर को अचानक से बारिश होने लगी। कुछ देर हुई तेज बारिश में शहर की सड़कों को तरबतर कर दिया। मौसम में ठंडक हो जाने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। पहले जहां तापमान 43 डिग्री पर पहुंच चुका था। वहीं मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना है। मंगलवार को शाम के समय तेज हवा भी चली।

### नदी नालें सूखे, मवेशी पानी पीने को परेशान

**बरेली।** दिनों दिन तापमान बढ़ता जा रहा है। सूरज की किरणे आग बरसा रही हैं। नदी नालों के सूखने से ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों के लिए पीने का पानी तक नहीं बचा है।

मवेशियों की प्यास बुझाने लोगों ने अपने घरों के सामने सीमेंट के कुंडा रखकर उनमें नियमित रूप से पानी भरा जाता रहता है। मवेशियों को आसानी से पीने का पानी मिल जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की मवेशी सूखे, नदी नालों के किनारे पानी की तलाश में घूमती रहती हैं। खेतों में जहां भी हरियाली दिखाई पड़ती है। मवेशी पहुंच जाते हैं। क्षेत्र की चार प्रमुख नदियां बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियां एवं दर्जनों नाले भीषण गर्मी शुरू होते ही पानी सूखने की स्थिति में पहुंच गए। नदी नालों में पानी के स्थान पर सिर्फ रेत मिट्टी ही दिखलाई दे रही है।

# सीसीटीवी कैमरों से अफसर कर रहे स्ट्रांगरूम की निगरानी

> निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 4 जून को मतगणना की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा निर्वाचन में विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के दौरान संसदीय क्षेत्र में सात मई को मतदान हुआ।

मतदान के बाद लोकसभा द्वय क्षेत्रों में शामिल सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में सील बंद कर सुरक्षित संधारित की गई हैं। शासकीय आदर्श महाविद्यालय जफरखेड़ी में विधानसभावार बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। इन्हें उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीलबंद किया गया है।

ईवीएम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे केन्द्रीय सुरक्षा बल के सशस्त्र जवान तैनात हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने स्ट्रॉग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था में समन्वय और निगरानी के लिएराजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए तीन पालियों में 24 घंटे तैनात सुनिश्चित कराई गई है। स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इनके माध्यम से भी 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

उम्मीदवारों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के सुगमता से कर सकें इसके लिए सीसीटीवी कैमरे का लाइव प्रसारण देखने के लिए टीवी स्क्रीन मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर लगाईं है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 4 जून को मतगणना की जाएगी। मतगणना दिवस में उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे।

### घर में घुसकर मारपीट के तीन दोषियों को तीन साल की सजा

**विदिशा।** न्यायालय संचिता भद्रकारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट ने घर में घुसकर गालियां देने और मारपीट करने वाले आरोपी सौदान सिंह आदिवासी बेरखेड़ी, प्रेमसिंह उर्फ सरवन, कमलेश आदिवासी खेरखेड़ी थाना गैरतगंज को 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में पैरवी गार्गी झा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई। मामला 7 साल पुराना है जब 16 सितंबर की शाम 7:30 बजे फरियादी अपने घर पर था। गांव का सौदानसिंह आदिवासी दो अन्य साथियों को साथ लेकर फरियादी के घर के अंदर घुसा और पुरानी रंजिश पर गालियां देने लगा। गालियां देने से मना करने पर सौदानसिंह एवं उसके 2 साथियों ने मारपीट कर दी। फरियादी का बेटा और पत्नी बीच-बचाव करने आए तो उनके साथ भी तीनों ने डंडे से मारपीट की। तीनों ने फरियादी के परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी।

## योग से स्वस्थ रहता है तन और मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में चल रहा सात दिवसीय शिविर।

योग व ध्यान शिविर की दूसरे दिन इंद्रप्रस्थत कॉलोनी स्थित हार्ट फुलनेस सेंटर पर सभी विद्यालयों के योग क्लब प्रभारियों ने योग प्रशिक्षण में भाग लिया।

लगभग 25 वोलेंटियर्स की टीम इस तरह सभी के योगदान ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। योगाचार्य डॉ श्याम सिंह ने बताया कि योग एवं ध्यान के नियमित अभ्यास से शरीर स्वयं धीरे-धीरे अपना उपचार कर लेता है । उन्होंने पाचन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, सर्वाइकल एवं जोड़ों से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए शिविरार्थियों को यह बात बताई। सत्र के अंत में हार्टफुलनेस प्रशिक्षक एडवोकेट संजीव राठौड़ द्वारा हार्टफुलनेस मेडिटेशन का अभ्यास कराया कराया गया। इसमें डीईओ आरके ठाकुर, कुलदीप भारती, संतोष चतुर्वेदी, अनिल सोनी मौजूद रहे।

### समाज के बच्चों के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ

# चांदी की कलम दवात की पूजा कर लगाए 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्रकाट्य दिवस पर शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुबह 9 बजे चित्रगुप्त मंदिर में भगवान का अभिषेक कर नए वस्त्र धारण कराकर पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरित किया गया। सुबह 10:30 बजे प्राचीन कांच मंदिर शिवालय में पूजन कर गरीबों को भोजन वितरण एवं वस्त्र वितरित किए गए। इसके बाद 11 बजे मानस सेवा न्यास में गरीबों को भोजन कराया गया। 11:30 बजे वृद्धाश्रम में फल वितरण हुआ। शाम 4 बजे भगवान चित्रगुप्त के समक्ष 56 भोग लगाया गया। वहीं शाम 5 बजे चांदी की कलम- दवात की पूजन, भगवान चित्रगुप्त की कथा, हवन व आरती की गई। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की भगवान चित्रगुप्त के प्रकाट्य दिवस पर चित्रांश धन संचय योजना, चित्रांश जीवन साथी, मेल मिलाप योजना के शुभारंभ के साथ ही कायस्थ समाज के बच्चों के लिए एक पुस्तकालय की शुरूआत की गई। जिसमें समाज के परिवारों से प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें एकत्रित कर पुस्तकालय में रखी जाएंगी। साथ ही ज्ञानवर्धक और संस्कार देने वाली पुस्तकों को भी इस पुस्तकालय में रखा जाएगा। जिससे समाज के छात्र और बच्चे इन्हे पढ़कर अपनी दिशा तय कर सकें।



विदिशा। कांच मंदिर पहुंचकर कायस्थ समाज ने गरीबों को भोजन बांटा।

### भगवान चित्रगुप्त के प्रकाट्य दिवस पर गरीबों को भोजन और वस्त्र वितरित किए



छटवी पुण्यतिथि



आपकी प्रेरणा,
स्नेह, यादें,
हमारे जीवन की
अमूल्य धरोहर है।
आपका त्यागपूर्ण जीवन
हमें सदैव
मार्गदर्शित करता रहेगा
शत्-शत् नमन

स्व. श्री हुकुम सिंह दांगी

श्रद्धांजलिकर्ता
भगवान सिंह, रघुवीर सिंह (भाई), इन्दराज सिंह (पुत्र),
चन्दराज सिंह, धनराज सिंह (भतीजे), ध्रुवराज, वृजराज, धैर्यराज, विराज (पौत्र)
श्रद्धांजलिकर्ता - दादा हुकुम सिंह मूंडरा तिलक परिवार
मो. नं. - 9893806797, 9770385639

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2680
उच्चतम भाव-4310
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3377
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2436
चना
न्यूनतम भाव- 4000
उच्चतम भाव- 6420
मसूर
न्यूनतम भाव-3550
उच्चतम भाव-6320
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4770
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5570
सरसों
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5700
उड़द
न्यूनतम भाव-7560
उच्चतम भाव-7560
धान
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3050
बटरी
न्यूनतम भाव-3810
उच्चतम भाव-3810
इमली
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2065

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 30082 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# नगर में तेज आंधी के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को आसमान पर गहराए बादलों से तेज आंधी एवं गरज चमक के साथ इलाके में कहीं कहीं अच्छी बारिश हुई तो कहीं मामूली बूंदाबांदी होकर रह गई। लेकिन इस बारिश और उसके बाद चली ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट आ गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई। उधर खबर लिखे जाने तक इलाके में बादल छाए हुए हैं और गरज चमक जारी है। माना जा रहा है कि रात में बादलों से फिर से बारिश हो सकती है।



उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है और इसी के साथ आसमान पर बादलों की आवाजाही भी जारी है। इन बादलों से कभी भी कहीं कहीं बारिश हो रही है। गत दिवस भी तेज गर्मी का मौसम बना रहा,लेकिन शाम को हल्के बादल छा गए। जबकि मंगलवार को सुबह से ही आसमान पर हल्के बादलों के साथ तेज धूप निकल रही थी। जबकि दोपहर बाद बादल गहरा गए और उनसे तेज गरज चमक के साथ नगर के कुछ इलाकों सहित आसपास के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ देर तक झमाझम बारिश हुई। इस दौरान तेज आंधी चलने से कई जगह वृक्षों की शाखाएं टूटकर गिर गईं और घरों के छप्पर भी क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि विद्युत लाइनों में क्षति पहुंचने से इलाके भर में विद्युत प्रदाय कई घंटों तक ठप रहा। इसके बाद शाम को भी तेज हवाएं चलती रहने से बार बार विद्युत की आवाजाही बनी रही। उधर बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनो में भी इलाके में भीषण गर्मी पडने के साथ ही आसमान पर बादल छाए रहने और उनसे कभी कभार बूंदाबांदी या अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं।

## देहात थाना पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब



**गंज बासौदा।** देहात थाना पुलिस ने मंगलवार को बरींघाट मार्ग पर शनिदेव मंदिर के पास से बुलेरो कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 5693 को रोककर तलाशी ली। जिसमें 146 क्वार्टर अवैध रूप से पाई गई। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम निर्मल कुमार निवासी हरगनाखेड़ी बताया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री के साथ पौधरोपण कर मनाई वैवाहिक वर्षगांठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जनपद सदस्य अमृतांशु नेहा यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रेरणा से पौधरोपण कर अपनी वैवाहिक वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ही उनके भोपाल स्थित आवास पर पौधरोपण किया। गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने मिठाई खिलाकर दोनों को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रतिदिन स्वयं भी पौधरोपण करते हैं और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए अन्य लोगों से भी विशेष दिनों पर पौधरोपण की अपील करते हैं।

### एक दूसरे को बचाने में डूबे दोनों, तीन घंटे बाद मिले शव

# नौलखी घाट पर डूबने से दो युवकों की हुई मौत, महिला ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को सुबह बेतवा नदी के नौलखी घाट पर नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। नदी में युवकों के डूबने की जानकारी मिलते ही गोताखोरों की टीम के साथ देहात पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। लगभग 3 घंटे चले तलाशी अभियान के बाद दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच गए थे।





देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया ने बताया कि शिवनगर त्योंदा रोड निवासी कमलेश रघुवंशी उम्र लगभग 45 और भोला जोशी उम्र लगभग 25 बेतवा नौलखी घाट पर सुबह नहाने गए थे। इस दौरान वे नदी के घाट पर गहरे पानी में डूब गए। करीब 10.30 बजे पुलिस को जानकारी लगी कि दो युवक नदी में डूब गए हैं। जिस पर देहात थाना बल, गोताखोर और विदिशा से आई एसडीआरएफ की टीम द्वारा उनका तलाशी अभियान चलाया गया। जिसमें दोपहर 1 बजे दोनों के शव बरामद किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी में गहराई अधिक होने के कारण लोगों ने दोनों युवकों से यहां नहाने के लिए मना भी किया था। दोनो मृतक मकान मालिक और किराएदार बताए गए हैं। 25 वर्षीय भोला नहाते समय जब डूब रहा था तो उसे बचाने के लिए कमलेश रघुवंशी ने भी छलांग लगा दी पानी की गहराई अधिक होने और तैरना नहीं जानने के कारण दोनों युवक डूब गए। पुलिस ने शवों को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द किए गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। युवकों के डूबने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक बेतवा नदी के नौलखी घाट पर एकत्रित हो गए। जो शवों के निकलने के इंतजार में घाट पर बैठे रहे।

उधर मंगलवार को बेदनखेड़ी टपरिया निवासी एक महिला का फांसी के फंदे पर लटका शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस अधिकारी शिवरतन मांझी ने बताया कि बैदनखेडी में एक घर में करीब 25 वर्षीय रानी कुशवाह अपने पति से अलग किराए से रहती थी। उसका एक 10 वर्षीय बेटा भी है। रानी हलवाई के साथ रोटी पूरी बेलने का काम करती थी। पिछले दो दिनों से उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला था और कमरे से बदबू आने पर उसकी मकान मालकिन की शिकायत पर पुलिस ने जाकर दरवाजा खुलवाया तो रानी फांसी पर लटकी मिली। शव करीब एक दो दिन पुराना हो गया था और उसमें से बदबू आने लगी थी। पुलिस ने शव बरामद कर उसे परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। साथ ही मृतका के घोघरा निवासी भाई एवं अन्य परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी शिवरतन मांझी के अनुसार मृतका के पति और उसके बेटे की जानकारी लेकर मौत के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दूसरी ओर बुधवार को तहसीलदार के समक्ष पंचनामा बनवाकर मृतका के शव का परीक्षण कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त का प्रकाट्य दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राणियों के पाप पुण्य का लेखा-जोखा करने वाले ब्रह्मपुत्र भगवान श्री चित्रगुप्त का प्रकाट्य दिवस मंगलवार गंगा सप्तमी को भक्ति भाव एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। देवनगरी बेहलोट स्थित स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह भगवान चित्रगुप्त का श्रृंगार, चित्रगुप्त कथा का वाचन, हवन एवं आरती की गई। तो वही सायंकाल मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड, महाआरती एवं छप्पन भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में महिला, पुरुष सहित अनेक स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

## बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** मंगलवार को नगर में सुबह से लेकर रात्रि तक कई बार बिजली गुल हुई। जिससे नगरवासियों को भीषण गर्मी में बगैर पंखा, कूलर के गर्मी में समय निकालना पड़ा। वहीं शाम के समय देर तक नगर में बिजली प्रदाय बंद रहा। जिससे नगर में अंधेरा पसरा रहा। नगरवासियों ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित बिजली की कटौती बंद करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### अभिनव दुबे का सुयश



**गंजबासौदा।** एलबीएस कॉलेज के वाइस प्रिंसीपल डॉ पीयूष दुबे अर्चना दुबे के पुत्र अभिनव दुबे ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 में 96% अंक प्राप्त कर जिले की प्रवीण्य सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस परीक्षा परिणाम में अभिनव ने मैथ्स स्टैंडर्ड में 100 में 100 अंक प्राप्त किए हैं। अभिनव दुबे नगर के बीएमसी स्कूल के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं उनके परिजनों, इष्ट मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करने पर ब्राह्मण दल ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### नौलखी धाम पर भंडारा व प्रसादी वितरण आज

**गंजबासौदा।** सिद्ध संत बाबा जगन्नाथ दास जी की तपोस्थली वेत्रवती घाट पर महाप्रभु जगन्नाथ सहित भगवान सीताराम के भव्य और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं सीताराम अति महायज्ञ के निर्विघ्न संपन्न होने के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन रखा गया है। बुधवार को सुबह 11 बजे से प्रसादी वितरण शुरू होगा। महंत राममनोहर दास ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार भंडारे में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 140 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु विज़न सेंटर पर आयोजित शिविर में डॉक्टर राजकरण वर्मा एवं डॉ. अनीश शुक्ला, कैंप इंचार्ज डाल सिंह जादौन, रणवीर सिंह बघेल, मिलन बघेल ने 140 मरीज के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। चिकित्सकों ने मरीजों से अनुरोध किया कि प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े। उक्त शिविर तनुज एलिया की स्मृति में लगाया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले , डॉ एके जैन, डॉ. अशोक रोहिले ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष 51263 से अधिक ऑपरेशन किए हैं। जो कि एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाज सेवी गणेशराम रघुवंशी, विजय अरोरा ने कहा कि आगामी दिनों मे ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर आयोजित किए जाऐंगे। इस मौके पर आनंद मिश्र, हेमंत भंडारी, दिलीप देसाई सहित नागरिक उपस्थित थे। शिविर में 53 लोगों को दवाइयां का वितरण किया गया, वहीं 19 से अधिक मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए एवं 22 लोगों को चश्मा प्रदान किये गए। इस अवसर पर विनोद मराठा, रामकुमार शर्मा, राकेश सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 3000 रुपए का अर्थदंड

**गंज बासौदा।** न्यायाधीश द्वारा नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 3000 रूपये अर्थदंड से दण्डित किया गया है। अभियोक्त्री ने पुलिस थाने में उपस्थित होकर बताया कि 10.09.22 को शाम 4 बजे जब घर में कोई नहीं था। तब आरोपी सोनू लोधी घर में घुस आया और पीड़िता से छेड़छाड़ की। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी भाग गया था। परिवार के लोगों के वापस आने पर पीड़िता ने सारी घटना उनको बताई। इसके बाद पीड़िता ने थाना त्योंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर से त्योंदा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 452, 354, 323, 506(2) भादवि एवं 11 (**iv**) / 12 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। न्यायालय में विचारण उपरांत आरोपी को गत दिवस द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सोनल पटेल ने प्रस्तुत साक्ष्यों एवं एडीपीओ के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोष सिद्ध पाया। जिस पर आरोपी को धारा 452 भादंवि के अंतर्गत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 11 (**iv**) / 12 पॉक्सो एक्ट में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण की पैरवी दिनेश कुमार असैया, एडीपीओ गंजबासौदा के द्वारा की गयी एवं विशेष सहयोग कोर्ट मोहर्रिर रितेश तिवारी का रहा।

### मुनि अजित सागर महाराज का 26वां दीक्षा दिवस उत्साह के साथ मनाया

# दीक्षा दिवस पर आयोजित हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से महावीर विहार मे विराजमान मुनि अजीत सागर महाराज, मुनि निराग सागर महाराज, ऐलक विवेकानंद सागर महाराज के सान्निध्य में सकल जैन समाज को मुनि अजित सागर महाराज का 26 वां दीक्षा दिवस समारोह एवं पिच्छी परिवर्तन मानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दीक्षा दिवस के अवसर पर प्रातः अभिषेक एवं शांतिधारा हुई।

पूजन के उपरांत मुनिश्री की मंगल देशना सुनने का अवसर उपस्थित जन समुदाय को प्राप्त हुआ। प्रातः शिविर पुण्यार्जक परिवारों को प्रथम अभिषेक, शांति धारा के साथ मुनि संघ के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं दोपहर को मंगलाचरण के साथ दीक्षा दिवस कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें नगर की पाठशालाओं के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही आकर्षक प्रस्तुतियां दी। मुनि श्री अजित सागर जी महाराज को शास्त्र भेट करने का सौभाग्य ,मुनि आनंद सागर महाराज के ग्रहस्थ जीवन के परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं मुनि निराग सागर महाराज को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य मनोज जैन बांगा जैन पंचायत ट्रस्ट भोपाल को प्राप्त हुआ एवं ऐलक विवेकानंद सागर महाराज को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य सुरेश कुमार जैन ओम हार्डवेयर परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं मुनि संघ के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य सतीश कुमार प्रदीप कुमार जैन मंत्री परिवार, संतोष कुमार सतीश कुमार जैन कटारे परिवार अध्यक्ष पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति स्टेशन को प्राप्त हुआ।

वहीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर महिला समिति द्वारा पूजन की बहुत ही सुन्दर अष्ट द्रव्य सजाई गई। जिनसे आचार्य भगवन की संगीतमय पूजन की गई। अष्ट द्रव्य से पूजन करने का सौभाग्य नगर की सभी मंदिर समितिओं, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र यादव, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता राजेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुनि अजित सागर महाराज की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य सुरेखा सतीश जैन मंत्री परिवार को प्राप्त हुआ।

# स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों की लापरवाही से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र पर अनेक ग्रामों के मरीज आते हैं। स्वास्थ्य केन्द्र नर्स के भरोसे चल रहा है। अगर स्टाफ नर्स डिलीवरी वाले रूम में चली जाती है तो यहां पर इंजेक्शन, वॉटल लगाने वाली दूसरी कोई नर्स नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं देर तक नर्स के आने का इंतजार करती रहती हैं। यहां के रहवासियों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में अधिकतर कर्मचारी बाहर से अपडाउन करते हैं जो 11 बजे के बाद आते हैं और 2 बजे अपने घर वापस चले जाते हैं। इतने बीच में अगर कोई मरीज पहुंचता है, तो उसका इलाज हो जाता है और अगर वह टाइम पर नहीं पहुंचते तो फिर दूसरे दिन का इंतजार करना पड़ता है। वहीं स्वास्थ्य केंद्र में कई पद ऐसे रिक्त पड़े हैं जिन पर कोई कर्मचारी नहीं है। एक्सरे करने वाला ऑपरेटर नहीं होने से एक्सरे मशीन बंद पड़ी है। ऑपरेटर की कमी के कारण लोग विदिशा जाकर एक्सरे कराने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य केन्द्र पर नेत्र रोग चिकित्सक मौजूद रहता है, जिससे कि लोग आंखों की जांच करवा सके एवं इलाज करवा सकें, मगर सुविधा विहीन स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण मरीज परेशान हो रहे हैं। यहां पर मरीजों को कोई सुविधा नहीं मिलती छोटी-छोटी चीजों के लिए विदिशा रेफर किया जाता है। कर्मचारियों की कमी के कारण तो लोग परेशान हैं ही दवाइयां भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में दवाएं इंजेक्शन मेडिकल स्टोर से लेकर आना पड़ता है और अस्पताल में लगवाना पड़ता है। मरीजों ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है।

**न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार तहसील त्योंदा जिला विदिशा म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0136/अ-6(अ) 2023-24
दिनॉकः 14.05.24

1. मोहरसिंह आयु वयस्क पुत्र श्री रूपसिंह जाति घोषी निवासी गौडखेडी पठार तहसील त्योंदा जिला विदिशा म.प्र.
----------- आवेदक
वनाम
1. ग्याप्रसाद आयु वयस्क पुत्र श्री रामसिंह जाति घोषी निवासी गौडखेडी पठार तहसील त्योंदा जिला विदिशा म.प्र.
----------- अनावेदक

**(विज्ञप्ति)**

एतद् द्वारा अनावेदक एंव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहरसिंह घोषी जाति घोषी निवासी गौडखेडी पठार तहसील त्योंदा द्वारा ग्राम गौडखेडी पठार स्थित भूमी आराजी नं. 129 रकवा 1.725 है पर अभिलेख दुरुस्ती कराने हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है प्रकरण समस्त हितबद्ध पक्षकारो को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करने हेतु अभिलेख दुरुस्ती किया जाना प्रस्तावित है। अतः इस सम्बंध मे अनावेदक को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में आपको कुछ कहना हो तो दिनॉक. 29.5.24 को मेरे न्यायालय मे स्वंय अथवा अभिभाषक के जरिये उपस्थित होकर अपना जबाब प्रस्तुत करे अनुउपस्थिति की दशा मे एकपक्षीय कार्यवाही कि जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील त्योंदा**


परम पूज्य गुरुदेव
श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी
Vatsalya
Sr. Sec. School
Vidisha (M.P.)
9424426414, 9301636074
वात्सल्य
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Congratulations
CBSE Result 2023-24
The Management, Principal and Staff of Vatsalya Sr. Sec. School
Congratulates all Students for their Outstanding Performance
Class- XII, District Topper in All Streams
Himanshi Sharma
97.8%
ADMISSION OPEN
For CBSE XI
Science, Commerce, Humanities
Gurukripa Scholarship for Students Who Scored above 80% in Class-X
Class- XII
District II Topper
SCHOOL TOPPER
CLASS- X
Sheetal Raghuwanshi 96.8% Humanities
krishnika Yadav 96.8% Humanities
Kushagra Pal 95.6%
OUR ACHIEVERS-XII STANDARD
BHAGYA SHREE SOLANKI 96.4% Humanities
REVA SAVLA 95% Humanities
HONEY CHHUGANI 94.6% Commerce
ANANT MADHORIYA 92.6% Commerce
SHUBHI SONKER 92.6% Humanities
ARUSHI SHARMA 91.8% Humanities
AKRITI SWARNKAR 91.4% Science
SIMRAN BAGHEL 90.4% Commerce
RADHIKA BAGHEL 89.6% Commerce
SAKSHI MEENA 89.4% Commerce
SRASTI JAIN 89.4% Humanities
KANAK SONI 89.2% Commerce
SHRAVAN BAGHEL 89% Commerce
PUSHPENDRA BAGHEL 88.8% Commerce
Shubh Rai 88.4% Commerce
MANDEEP KOUR 87.2% Commerce
Daksh Maheshwari 87% Commerce
SHIVENDRA RAJPUT 87% Commerce
SUHANA CHUGH 86% Commerce
ROUNAK DANGI 85.6% Commerce
AYUSHI MEENA 85.8% Science
PRAGATI BAGHEL 85.4% Humanities
ESHA LODHI 85.2% Commerce
OUR ACHIEVERS-X STANDARD
Sweta Rajput 95%
Kriti Chouksey 94.6%
Radhika Baghel 93.8%
Vardhani Jain 93.4%
Veer Dubey 93.2%
Palak Raghuwanshi 93%
Shivansh Sharma 93%
Vaibhavi Sharma 92.8%
Mahak Jain 92.6%
Angraj Yadav 92.2%
Anshika Prajapati 92%
Gourav Raghuwanshi 92%
Pranshu Tiwari 92%
Vibhor Dubey 92%
KUNJAL CHANDELE 91.6%
Aarohi Sharma 91.4%
SIDDHI DANGI 91%
Satakshi Richharia 90.4%
Uplakshya Kirar 90.4%
Suhani Jain 90.2%
Anika Shrivastava 90.2%
Priyanshi Tiwari 90.2%
Rudra Pratap Singh 90%
Arna Shrivastava 89.4%
Harsh Raghuwanshi 89.4%
Ritika Dangi 89.4%
Jiya Sahu 89.2%
Niharika Goel 89%
Aakash Malviya 88.2%
ANSH RAGHUWANSHI 88%
KRISHNA RAI 88%
Krishna Yadav 87.6%
Poonam Rajput 87.6%
Chanchal Ghanghat 86.6%
Srishti Dangi 86.6%
Anushka Awasthi 86.4%
Ayushi Dhakad 86.2%
Bhoomi Barodiya 85.8%
Anmol Saxena 85.6%
Princy Yadav 85.4%
Raghav Pathak 85.2%
Rajvardhan Singh Rajput 85.2%
Kartik Maheshwari 85%

**खबर संक्षेप**

## छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा करें

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा- 5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनरू परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

## मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानी सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

## पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** आगामी ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी फिटर ग्रेड -3 मेहबूब खान (मोबाइल नंबर 8305819150), उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी हैंडपम्प तकनीशियन गणेश सोनी (मो. नं.- 9425682161 ), उपखण्ड भैरूंदा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड-03 सचिन ठाकुर (मो. 8959607853), उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड -03 एस. से तिवारी (मो. 9893544755 ), बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी स्टोर क्लर्क राजकुमारी सोलंकी (मोबाइल नंबर 9489803741) को नियुक्त किया गया है।

## मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई निर्धारित की है।

### रुद्राक्ष वितरण से एक दिन पहले ही हजारों श्रद्धालु पहुंचे धाम पर

# कुबेरेश्वरधाम पर आज से होगा रुद्राक्ष वितरण, नौ काउंटरों लगाए

यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए बनाए नौ काउंटर, आधुनिक रसोई घर पर प्रतिदिन बनाया जाएगा हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के आदेश अनुसार गत दिनों शिव महापुराण के अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण बुधवार से किया जाएगा। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए नौ काउंटरों का निर्माण किया गया है। मंगलवार को स्वयं भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा, विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने वितरण स्थल की व्यवस्था का जायजा लिया। कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में नौ काउंटरों से क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। लंबे समय से धाम के रुद्राक्ष की प्रतिक्षा श्रद्धालुओं को थी, बुधवार से वितरण होना है, जिससे मंगलवार को ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा जमा लिया है और भक्ति भाव से यहां पर भजन कीर्तन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कानून व शांति व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है। कुबेरेश्वरधाम पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेडिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के अलावा पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है।

रुद्राक्ष वितरण में श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए एक-एक हजार फीट की नौ लाइनों के अलावा नौ काउंटरों का निर्माण किया गया है। इन काउंटरों से रुद्राक्ष क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को बांटे जाएंगे। आठ काउंटर सामान्य श्रद्धालु के अलावा एक काउंटर से विशेष रूप से दिव्यांग लोगों के लिए बनाया गया है, जिससे आसानी से श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष मिल सके।

### सुबह दस बजे से पांच बजे तक किया जाएगा रुद्राक्ष वितरण

इन काउंटरों पर दो दर्जन से अधिक सेवादारों को लगाया गया है। इसके अलावा यहां पर धूप और बारिश से बचने के लिए शेड आदि की व्यवस्था की है। नौ लाइनों में श्रद्धालुओं को क्रम अनुसार एक बार में करीब आठ से नौ हजार से अधिक रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक प्रतिदिन अभिमंत्रित रुद्राक्षों का वितरण निशुल्क किया जाएगा।

### भोजन प्रसादी के साथ नियमित रूप से किया जा रहा शीतल पेयजल का वितरण

जानकारी के अनुसार, यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति के द्वारा निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी के अलावा दोपहर में शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है। धाम पर आधुनिक रसोई घर का निर्माण किया गया है। जिसमें मशीनों के द्वारा मात्र कुछ घंटों में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के भोजन बनाए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल और ठडाई का इंतजाम भी किया गया है।

## दि आक्सफोर्ड स्कूल का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा



**सीहोर।** दि आक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल सीहोर के सीबीएसई कक्षा 10वीं के दूसरे बैच के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम में विद्यालय का स्थान प्रथम श्रेणी व शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय की स्वाति मेवाडा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गौरव अस्थाया ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और अक्षरा अग्रवाल 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने बताया कि सीबीएसई के द्वितीय बैच ने इस वर्ष परीक्षा में सर्वोच्च सफलता प्राप्त कीए इसके पीछे ईश्वरीय कृपा के साथ ही मजबूत इरादे और दृढ़ संकल्प रहा। साथ ही खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर द्वितीय रहा। विद्यार्थियों की उक्त उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एडवोकेट जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे कुरियन तथा समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मधुर केलोदिया ने सीबीएसई की कक्षा 10 में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**सीहोर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पढने वाले मधुर कैलोदिया पिता राकेश कुमार कैलोदिया ने सीबीएसई की कक्षा 10 में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। लोगों ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की ।

## 13 दिवसीय समर कैंप का समापनः सीएम राइज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया**





**भैरुंदा।** भैरूंदा के सीएम राइज स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

ग्रीष्मकालीन समर कैंप में छात्रों को डांस, म्यूजिक, माइम, योगा, सड़क सुरक्षा, चित्रकला व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों से सड़क सुरक्षा और चित्रकला पर अपने विचार रखने को कहा गया। प्रबंधक शेलेंद्र लो या ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। उन्होंने कहा कि समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समरकैंप में पहुंचे अभिभावकों ने भी अपने विचार को व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य शेलेन्द्र लोया ने इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित कीर बीआरसीसी विजय पवार पूर्व बीईओ भूपेश शर्मा प्राचार्य शैलेन्द्र लोया उपस्थित रहे।

समर कैम्प के अंतिम दिवस विभिन्न छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गई। इसमें छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति प्रियंका पंवार के नेतृत्व में दी गई। ईश वंदना व वादन की प्रस्तुति छात्रो द्वारा मयंक नागवे स्निग्ध नागवे के नेतृत्व में दी गई। बच्चों के द्वारा तैयार गुलदस्ते से अतिथियों का स्वागत किया गया एवं हस्त निर्मित कलाकृतियां की प्रदर्शिनी लगाई गई। समर कैंप प्रभारी आरती कुशवाह एवं सदस्य कुसुम शर्मा, रघुवीर राजपूत, लाल मियां, शहादत खान, कमलेश शर्मा, प्रियंका पवार, सलोनी शुक्ला, सत्यनारायण कुशवाह, गब्बर विश्वकर्मा एवं पालक विजय मीणा, आलोक श्रीवास्तव,महेंद्र वर्मा, अशोक बारेला सूरज यादव, विजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## बमुलिया में पुलिया निर्माण की मांगः बारिश के समय ग्रामीणों को होती है परेशानी; जान जोखिम में डालकर करते पुलिया पार

**सीहोर।** जिला अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बमुलिया में पुलिया का निर्माण नहीं होने से बारिश के समय में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर पानी भर जाने से बारिश के समय में ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी होती है। दरअसल कुलासी नदी ग्राम बमुलिया से निकलकर जाती है। इसका पानी इस पुलिया के माध्यम से भी गांव से होकर निकलती है।

**जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करते हैं ग्रामीण :** बारिश के समय में पुलिया पर पानी भर जाता है। यहां पर कई बार दो-तीन दिन तक इस पुलिया को पार करना मुश्किल हो जाता है। अपने खेती और अन्य कामों के लिए घरों से बाहर जाने के लिए ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करके जाते हैं।



**पुलिया निर्माण के लिए ग्रामीणों की मांग :** ग्रामीणों को यहां से निकलने में काफी परेशानी होती थी, इसको देखते हुए ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने अभी मिट्टी और मुरम के सहारे से पुलिया बना ली है। बारिश आने पर यह बह जाती है, जिससे यहां रास्ते पर पूरा गहरा गड्ढा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया को ऊंचा उठाकर बनाया जाना चाहिए ताकि कुलासी नदी का पानी पुल के नीचे से निकल सके। ग्रामीण राकेश, महेंद्र, रमेश, भूपेन्द्र ने बताया कि वह कई बार विधायक प्रतिनिधि से पुलिया निर्माण के बारे में कहा है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले इस पुलिया का निर्माण किया जाना चाहिए, अन्यथा बारिश में पुलिया पर अधिक पानी से परेशानी होगी।

## भगवान शिव का पूजन और 1008 पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक कराया

**भगवान शंकर बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैंःकथा व्यास पंडित राघव मिश्रा**



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में जारी तीन दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन किया गया था। मंगलवार को कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर मौजूद आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों और 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का पूजन और 1008 पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक कराया। इस मौके पर केन्द्र के संस्थापक वीपी सिंह, श्रीमती विमला सिंह, संचालक राहुल सिंह, समिति की अध्यक्ष निशा सिंह, कथा वाचक पंडित राहुल व्यास, उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, पंडित कुणाल व्यास, सुनील पाराशर, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, नटवर सिंह, अमित जैन, बाबू सिंह सहित अन्य शामिल थे। इस मौके पर पंडित श्री राघव मिश्रा ने शिव की महिमा को बताया। वहीं श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग बनाए।

भगवान शिव से ज्यादा भोला कोई और नहीं, उनसे ज्यादा क्रोधित कोई और नहीं तथा उनसे बड़ा दाता कोई और नहीं है। भगवान शंकर बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं और भक्त को मन चाहा वर देते हैं। पार्थिव शिवलिंग का महत्व बताते हुए कहा कि पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। शिवजी की आराधना के लिए पार्थिव पूजन सभी लोग कर सकते हैं, फिर चाहे वह पुरुष हो या फिर महिला।

यह सभी जानते हैं कि शिव कल्याणकारी हैं, जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजन अर्चना करता है, सभी दुखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। इस मौके पर पंडित व्यास ने बताया कि चंदन का लेप लगाएं और बेलपत्र, फूल, धतूरा अर्पित करें और भोग लगाएं, इसके बाद भोलेनाथ के सामने दीया जलाएं और शिव चालीसा और शिव स्तुती का पाठ करें, भगवान शिव के साथ माता पार्वती की भी पूजा करें और पार्वती चालिसा का पाठ करें। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कथा वैराग्य का दर्शन कराती है। मंदिर में जाकर भगवान का भजन करना अच्छी बात है। लेकिन भजन करते करते हमारा घर ही मंदिर बन जाए, यह भजन की श्रेष्ठता है। हमारा घर ही हरि के आने का द्वार बन जाए, यह साधना की श्रेष्ठता है। भगवान शिव के समान भोला कोई और देव नहीं है। इसीलिए उन्हें भोलेनाथ कहा गया है। महादेव का दरवाजा भक्तों के लिए हमेशा खुला रहता है। शिवजी श्मशान में रहते हैं। किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिजन शव को घर से बाहर कर देते हैं। जबकि भगवान महादेव सभी को स्वीकार कर लेते हैं।

### फसलों पर लगा पीला मोजेक रोग, किसान कर रहे कीटनाशक का छिड़काव



**सीहोर।** जनपद के ग्राम मोगराराम में मूंग की फसल को पीला मोजेक लग चुका है। फसल पर रोग लगने के कारण यह पीली हो चुकी है, जिस कारण से फसल के पत्ते नीचे गिर रहे हैं। इसके कारण काफी नुकसान हो रहा है। अपनी फसल को बचाने के लिए किसानों ने उस पर रसायनिक पदार्थों का छिड़काव करना शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि उनकी मूंग की फसल में रोग लग रहा था, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक के पास जाकर अपनी फसल का सर्वे कराया। कृषि वैज्ञानिकों ने पीला मोजेक रोग से बचाव के लिए उस पर कीटनाशकों का छिड़काव कराने की बात कही। इसके बाद किसानों ने फसल पर छिड़काव करना शुरू कर दिया। किसान मुकेश वर्मा और राहुल वर्मा ने बताया कि गांव में आज से किसानों ने कीटनाशक का छिड़काव शुरू कर दिया गया है।

### मतदान दलों से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा कराई गई

# मतदान दलों के वापस आने पर उनका माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत,खाते में डाली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत देवास संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली आष्टा विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों के वापस आने पर उनका माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। मतदान दलों से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा कराई जा रही है।

सभी मतदान दलों से मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही मतदान सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कर जमा कराई गई है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर आनंद राजावत, एसडीएम स्वाति मिश्रा, तहसीलदार पंकज पवैया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### मतदान दलों के लौटने से पहले मानदेय का भुगतान

चौथे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले की आष्टा विधानसभा में 1485 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही कर दिया गया। मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खाते में 17 लाख रुपए की राशि स्थानांतरित कर दी गई।

तीसरे चरण का चुनाव सम्पन्न कराने वाले अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनके मोबाइल पर मानदेय की राशि पहुंचने के एसएमएस प्राप्त हो गए हैं। समयपूर्व मानदेय प्रदान करने के लिए उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि तीसरे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न करने वाले 4500 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के खाते में 45 लाख रुपए की राशि मतदान सामग्री जमा कराने आने के पहले ही स्थानांतरित कर दी गई थी।

### यशोदानंदन सेवा समिति और वैदिक ब्राह्मण समाज पुजारी संघ ने चल समारोह का स्वागत



**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में निकाले गए भव्य चल समारोह का शहर के कोतवाली चौराहे पर यशोदानंदन सेवा समिति एवं वैदिक ब्राह्मण समाज, पुजारी संघ ने मंच बनाकर सभी विप्रजनों का स्वागत किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के शत्रु नहीं थे वह केवल इस संसार में अत्याचार के खिलाफ थे। इस मौके पर अध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा कोषाध्यक्ष पंडित पीयूष शर्मा मीडिया प्रभारी अभिषेक उपाध्याय सचिन पंडित जगदीश शर्मा सहसचिव पंडित संजय व्यास पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे, पवन व्यास जीपंडित संतोष भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज पंडित संतोष शर्मा पंडित विक्रांत शर्मा पंडित गोविंद व्यास, अनिल शर्मा, राहुल शर्मा, अखिलेश राजोरिया, अजय शर्मा पंडित मनीष शर्मा, अनिल शर्मा, रुपेश शर्मा अनमोल शर्मा एवं समस्त वैदिक ब्राह्मण एवं पुजारी संगठन संघ शामिल थे।